
## एंटीबायोटिक प्रतिरोध से लड़ने के लिए दवा विकसित की

### आईआईटी-रुड़की के शोधकर्ताओं ने बनाई नई दवा कंपाउंड 3बी



**देहरादून। ए।** एंटीबायोटिक प्रतिरोध के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, आईआईटी-रुड़की के शोधकर्ताओं ने एक नई दवा कंपाउंड 3बी विकसित की है, जो दवा प्रतिरोधी घातक बैक्टीरिया के खिलाफ एक शक्तिशाली एंटीबायोटिक की प्रभावशीलता को बहाल कर सकती है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि जीव विज्ञान और जैव अभियांत्रिकी विभाग की रंजना पठानिया के नेतृत्व में आईआईटी रुड़की की टीम, जिसमें मंगल सिंह और परवेज बख्त शामिल हैं, ने एक नया अणु तैयार किया है जो क्लेबसिएला निमोनिया के कारण होने वाले संक्रमण के इलाज के लिए एंटीबायोटिक मेरोपेनम के साथ काम करता है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने कसा तंज- सबके बॉस तो हम हैं

### केंद्रीय मंत्री ने कहा- कुछ लोग भारत के विकास से खुश नहीं



**रायसेन। एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के दौरे पर हैं। जिले के उमरिया गांव में औबेदुल्लागंज के दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने रेल कोच इकाई का भूमिपूजन किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बिना नाम लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमला बोला।

राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं जो भारत के विकास की रफ्तार से खुश नहीं हैं। उन्हें यह अच्छा नहीं लग रहा। सबके बॉस तो हम हैं। भारत इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रहा है? कई लोग कोशिश कर रहे हैं कि भारत में, भारतीयों के हाथों से बनी चीजें उन देशों में बनी चीजों से ज्यादा महंगी हो जाएं, ताकि जब ये चीजें महंगी हो जाएं तो दुनिया इन्हें न खरीदे।

### हम कर्म देखकर मारेंगे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- आतंकवादी आए और लोगों को उनका धर्म पूछकर मार डाला। हमने भी तय किया कि हम किसी को धर्म पूछकर नहीं मारेंगे, बल्कि उनके कर्म देखकर मारेंगे। हमने ऐसा ही किया किया। जब रावण ने सीता जी का अपहरण किया, वह लंका में थीं। जब हनुमान जी वहां पहुंचे तो उन्होंने लंका में हाहाकार मचा दिया। जब वे सीता जी के पास पहुंचे तो सीता जी ने बहुत विनम्रता से कहा कि अरे हनुमान! यह तुमने क्या कर दिया? लंका में इतना हंगामा क्यों मचाया? इतने लोगों को क्यों मार डाला? तब हनुमान जी बहुत विनम्र होकर, हाथ जोड़कर बोले- अरे माता, जिन मोहि मारा, तिन मैं मारे। जिन्होंने हमारे लोगों को मारा, हमने भी उन्हें ही मारा।

### 'मॉडर्न प्रदेश' के नाम से जाना जाएगा एमपी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने मध्य प्रदेश की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास को देखकर मैं कह सकता हूं कि आने वाले वर्षों में इसे 'मॉडर्न प्रदेश' के नाम से जाना जाएगा। आज जिस रेल कोच फैक्ट्री का शिलान्यास किया गया, मैंने देखा कि आपने इसका नाम 'ब्रह्मा' रखा है। सृष्टिकर्ता के नाम पर इस इकाई का नाम रखना अपने आप में एक बहुत ही अद्भुत सुझाव है।

## न्यूज डायरी



### योगी ने विधान भवन के प्रवेश द्वार के नए गुंबद का लोकार्पण किया

**लखनऊ। ए।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल के मानसून सत्र से पहले रविवार को विधान भवन के प्रवेश द्वार पर नए गुंबद और सभा मंडप का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने नवीनीकृत सभा कक्ष संख्या-15 और अतिविशिष्ट जलपान गृह का भी उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने मानसून सत्र को लेकर सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लिया। सोमवार से विधानमंडल के मानसून सत्र की शुरुआत होगी।

### आनंद शर्मा ने कांग्रेस के विदेश मामलों के विभाग से इस्तीफा दिया

**नयी दिल्ली। ए।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने रविवार को पार्टी के विदेश मामलों के विभाग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया ताकि इसके पुनर्गठन में मदद मिल सके और युवा नेताओं को इसमें शामिल किया जा सके। केंद्रीय मंत्री रह चुके शर्मा ने लगभग एक दशक तक पार्टी के विदेश मामलों के विभाग का नेतृत्व किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को संबोधित अपने त्यागपत्र में शर्मा ने कहा कि जैसा कि मैंने पहले भी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख दोनों को बताया है, मेरे विचार से, समिति का पुनर्गठन किया जाना चाहिए ताकि इसमें क्षमतावान और प्रतिभाशाली युवा नेताओं को शामिल किया जा सके। इससे इसके कामकाज में निरंतरता सुनिश्चित होगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड के मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी

**रांची। ए।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिन की बधाई दी। सोरेन फिलहाल अपने पिता एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन के निधन के बाद होने वाले अनुष्ठानों में शामिल होने के लिए पड़ोसी जिले रामगढ़ में स्थित अपने पैतृक गांव नेमरा में हैं।

### नीतीश कुमार के बेटे निशांत पटना में जनसभा करेंगे

**पटना। ए।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांतकुमार रविवार शाम को एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगे, जिसके साथ ही उनके राजनीति में प्रवेश करने की अटकलें मजबूत हो गई हैं। रविवार शाम को होने वाले 'निशांत संवाद' की घोषणा करते पोस्टर नीतीश की अगुवाई वाली पार्टी जद (यू) के कार्यालय के आसपास देखे गए।

### हरियाणा के झज्जर में 3.1 तीव्रता का भूकंप

**झज्जर। ए।** हरियाणा के झज्जर में रविवार को 3.1 तीव्रता का भूकंप का झटका आया, लेकिन इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप शाम 4:10 बजे आया, जिसका केंद्र झज्जर से 7 किलोमीटर पूर्व-उत्तरपूर्व (ईएनई) में 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। सत्रह जुलाई को रोहतक जिले से सटे इलाकों में 3.3 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया था, जो 10 दिनों के भीतर रोहतक-झज्जर क्षेत्र में तीसरा भूकंप था।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने उम्मीदवार के लिए सहयोगी दलों से किया संपर्क

# उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए शुरू हुआ सियासी घमासान, विपक्ष भी मैदान में

**नई दिल्ली। एजेंसी।** उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष ने भी तैयारी शुरू कर दी है। विपक्षी गठबंधन का साझा उम्मीदवार उतारने के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का नाम तलाशने और आम सहमति बनाने के लिए गठबंधन के सहयोगी दलों से संपर्क कर रहे हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया का मानना है कि वे चुनाव में अपने दमदार प्रदर्शन के जरिये सत्ताधारी दल को कड़ी टक्कर दे सकते हैं।

उपराष्ट्रपति का चुनाव नौ सितंबर को होना है। चुनाव को लेकर सत्ताधारी एनडीए गठबंधन और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने कमर कस ली है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को सत्तारूढ़ गठबंधन का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनने का अधिकार दिया है। वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया ने भी उम्मीदवार के नाम पर सहमति बनाने पर चर्चा शुरू कर दी है। संभावित उम्मीदवारों के नामों पर विचार-विमर्श के लिए इंडिया ब्लॉक के साझेदारों के बीच बातचीत चल रही है। जबकि खरगे आम सहमति बनाने के लिए विपक्षी दलों से संपर्क कर रहे हैं।

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि पार्टियों के बीच आम सहमति है कि इंडिया गठबंधन उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करेगा। विपक्षी खेमे के एक वर्ग का मानना है कि भाजपा के उम्मीदवार की घोषणा के बाद ही इंडिया गठबंधन को अपना उम्मीदवार तय करना चाहिए।







| उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 का कार्यक्रम | |
|---|---|
| अधिसूचना जारी होने की तिथि | 7 अगस्त |
| नामांकन की अंतिम तिथि | 21 अगस्त |
| नामांकन की जांच | 22 अगस्त |
| नाम वापस लेने की तिथि | 25 अगस्त |
| चुनाव का तारीख | 9 सितंबर |
| मतदान का समय | सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक |
| मतगणना | 9 सितंबर |

**दमदार प्रदर्शन के जरिये सत्ताधारी दल को कड़ी टक्कर दे सकता है विपक्ष**

### विपक्षी गठबंधन के बीच बढ़ रही एकता

हाल ही में विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों के बीच एकता बढ़ी है। विपक्षी गठबंधन बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित चुनाव धांधली के खिलाफ एकजुट है। गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आवास पर विपक्षी गठबंधन के नेताओं की डिनर पार्टी में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई। अब खरगे सोमवार को इंडिया ब्लॉक के सांसदों के लिए रात्रिभोज का भी आयोजन करेंगे।

### जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को दिया था इस्तीफा

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन 21 अगस्त तक दाखिल किए जा सकते हैं। मतदान 9 सितंबर को होगा और मतगणना भी उसी दिन होगी। भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने उपराष्ट्रपति के चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना जारी कर दी है। इससे पहले जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। धनखड़ के त्यागपत्र में कहा गया कि स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिकता देने और चिकित्सीय सलाह का पालन करने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67(ए) के अनुसार तत्काल प्रभाव से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देता हूं।

### ऐसा है दोनों सदनों का गणित

उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सदस्यों वाले एक निर्वाचक मंडल की ओर से आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से किया जाता है। ऐसे चुनाव में मतदान गुप्त मतदान द्वारा होता है। आगामी चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को स्पष्ट बढ़त हासिल है। 543 सदस्यीय लोकसभा में पश्चिम बंगाल के बशीरहाट की एक सीट रिक्त है, जबकि 245 सदस्यीय राज्यसभा में पांच रिक्तियां हैं। राज्यसभा की पांच रिक्तियों में से चार जम्मू-कश्मीर से और एक पंजाब से है। पंजाब की यह सीट पिछले महीने हुए उपचुनाव में राज्य विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजीव अरोड़ा के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। दोनों सदनों की प्रभावी सदस्य संख्या 782 है और जीतने वाले उम्मीदवार को 391 मतों की आवश्यकता होगी, बशर्ते सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## सांसद अब रहेंगे फ्लैट में, बन कर हुए तैयार



**नई दिल्ली। एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित टाइप-सात के 184 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री आवासीय परिसर में सिंदूर का पौधा लगाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, वह इस मौके पर श्रमजीवियों से बातचीत करेंगे और उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। बयान में कहा गया है कि इन फ्लैटों का उद्घाटन 11 अगस्त को सुबह लगभग 10 बजे किया जाएगा। बयान में कहा गया कि हरित प्रौद्योगिकी को सम्मिलित करते हुए, यह परियोजना जीआरआईएचए तीन-स्टार रेटिंग के मानकों का पालन करती है और राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) 2016 का अनुपालन करती है। इन पर्यावरणीय रूप से स्थायी विशेषताओं से ऊर्जा संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन में योगदान मिलने की आशा है। इसमें कहा गया कि उन्नत निर्माण तकनीक, विशेष रूप से एल्युमीनियम शटरिंग के साथ मोनोलिथिक कंक्रीट के उपयोग ने संरचनात्मक स्थायित्व सुनिश्चित करते हुए परियोजना को समय पर पूरा करना संभव बनाया। यह परिसर दिव्यांगजनों के अनुकूल भी है, जो समावेशी डिजाइन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसमें कहा गया है कि संसद सदस्यों के लिए पर्याप्त आवास की कमी के कारण परियोजना का विकास आवश्यक हो गया था। भूमि की सीमित उपलब्धता के कारण, भूमि उपयोग को अनुकूलित करने और रखरखाव लागत को न्यूनतम करने के ध्येय से ऊध्र्वाधर आवास विकास पर लगातार बल दिया गया है।

**इस मौके पर प्रधानमंत्री सिंदूर का पौधा लगाएंगे**

## एयरपोर्ट पर अल्लू अर्जुन की सीआईएसएफ अफसरों से बहस

### साउथ के सुपरस्टार का वीडियो हो रहा वायरल



**चेन्नई। एजेंसी।** साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन का एक वीडियो वायरल है। इस वीडियो में अल्लू अर्जुन के एयरपोर्ट की एंट्री पर सीआईएसएफ ऑफिसर से किए गए व्यवहार को लेकर वो लोगों के निशाने पर आ गए। अब उन्हें उनके इस व्यवहार को लेकर ट्रोल किया जा रहा है। लोग उन्हें घमंडी बता रहे हैं। वीडियो में अल्लू अर्जुन मुंबई एयरपोर्ट पहुंचते हैं। इस दौरान एंट्री से पहले सीआईएसएफ ऑफिसर अभिनेता से उनके पासपोर्ट में लगी फोटो का मिलान करने के लिए उनसे मास्क हटाने और चेहरा दिखाने के लिए कहते हैं लेकिन वीडियो में ऐसा दिखता है कि एक्टर ऐसा करने से इंकार करते हैं और सीआईएसएफ ऑफिसर से बहस करते नजर आते हैं। वायरल वीडियो में अल्लू अर्जुन को टी-शर्ट और ट्रैकसूट पहने एयरपोर्ट पहुंचते हुए देखा जा सकता है।

## सीबीआई ने भर्ती में भ्रष्टाचार एम्स-भुवनेश्वर के एक अफसर समेत 5 पर मामले दर्ज

**नई दिल्ली। एजेंसी।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जाली दस्तावेजों के आधार पर समूह 'बी' और 'सी' के पदों पर भर्ती में कथित भ्रष्टाचार के लिए भुवनेश्वर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक अधिकारी और पांच अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जांच एजेंसी ने मार्च में दर्ज की गई प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की। प्राथमिक जांच में प्रथम दृष्टया आपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी, जालसाजी और रिश्वतखोरी का मामला सामने आया था।

## मुंबई में रह रहे अवैध बांग्लादेशी, 12 घुसपैठियों को देश से निकाला

**मुंबई। ए।** महाराष्ट्र में मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय की सीमा में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 12 घुसपैठियों को देश से बाहर निकाल दिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक के आदेश और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रय शिंदे की अगुवाई में की गई। दरअसल 1 अगस्त से आयुक्तालय क्षेत्र के अलग-अलग थानों की सीमा में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत देश में अवैध रूप से रह रहे विदेशी लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

## राहुल ने 'डिनर पॉलिटिक्स' के जरिए बनाई सरकार को घेरने की रणनीति

### मतदाता सूची पुनरीक्षण से लेकर उपराष्ट्रपति के इस्तीफे तक मामले में बन रही नीति



**12** प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं को रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया

**नई दिल्ली। एजेंसी।** विपक्ष सरकार को घेरने के लिए सारे प्रयत्न कर रहा है। मतदाता सूची पुनरीक्षण से लेकर उपराष्ट्रपति के इस्तीफे तक, हर मामले में विपक्ष एकजुट होकर सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहा है। हाल ही में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 12 प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं को अपने आवास पर रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया था। इस 'डिनर पॉलिटिक्स' का मकसद सरकार को घेरने की नई रणनीति पर काम करना माना जा रहा है।

### कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच सुलह संकेत

अगले साल होने वाले बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के बीच सुलह होने के संकेत नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी के घर पर हाल ही में हुई विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं की डिनर पार्टी में कुछ ऐसा ही देखने को मिला। डिनर पार्टी में विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं के साथ टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी भी पहुंचे। इस दौरान वे कई मुद्दों पर राहुल गांधी से बात करते नजर आए। विपक्षी गठबंधन इंडिया को लेकर टीएमसी और कांग्रेस के बीच तनाव पैदा हो गया था। हाल ही में टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी में पश्चिम बंगाल में इंडिया गठबंधन की समाप्ति की बात कही थी। उन्होंने एकला चलो रे दृष्टिकोण अपनाने की बात कही थी। इसके बाद कांग्रेस लगातार टीएमसी के निशाने पर रही है। मगर राहुल गांधी की डिनर पार्टी में हालात बदले नजर आए।

### आमंत्रण पर ये नेता हुए शामिल

राहुल के आमंत्रण पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता उद्धव ठाकरे, राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव, एनसीपी की सुप्रिया सूले, डीएमके की कनिमोई समेत तमाम नेता शामिल हुए।

### मतदाता सूची की गहन समीक्षा पर सवाल

विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची की गहन समीक्षा (एसआईआर) पर चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठा रहा है। राहुल गांधी ने खुद इंदिरा भवन में प्रेसवार्ता करके चुनाव आयोग पर भाजपा के लिए वोट की चोरी करने का आरोप लगाया है। विपक्ष का इरादा इस मुद्दे पर सरकार को जमकर घेरना है।

### मानसून सत्र के दौरान कई मुद्दों पर सहमति

टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने डिनर पार्टी में भाग लिया। उन्होंने राहुल गांधी से बात की। दोनों नेताओं ने अलग-अलग विस्तार से बातचीत की। इसमें बनर्जी ने गांधी को बंगाल में चुनाव आयोग द्वारा प्रस्तावित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर टीएमसी के विरोध के बारे में जानकारी दी। कांग्रेस और टीएमसी ने मानसून सत्र के दौरान कई मुद्दों पर सहमति जताई है।

**सियासत** | भाजपा और उसके सहयोगी दल तीसरी बार राज्य में सरकार बनाने करेंगे कोशिश

# असम चुनाव की तैयारी शुरू करेगी भाजपा

### सीएम हिमंत सरमा बोले- शाह के दौरे से 2026 के चुनावों के लिए अभियान की होगी शुरुआत

**गुवाहाटी। एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 अगस्त को राज्य के दौरे पर आएंगे और अगले साल होने वाले असम विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की ओर से राजनीतिक विमर्श तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने यह बात कही है। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि शाह के दौरे के 10 दिनों के भीतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी राज्य का दौरा करने वाले है और भाजपा की असम इकाई दोनों यात्राओं की सफलता सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। सरमा ने शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय में दो हाई-प्रोफाइल यात्राओं के लिए एक तैयारी बैठक में भाग लेने के बाद संवाददाताओं से कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 अगस्त को आएंगे और गुवाहाटी में नवनिर्मित राजभवन का उद्घाटन करेंगे।



### राज्य में चुनाव छह से सात महीने बाद

सरमा ने बताया कि दिन के दूसरे कार्यक्रम में शाह एनडीए के हाल ही में निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मेलन में शामिल होंगे। शाह शाम को राज्य के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री गोलाप बोरबोरा के जन्म शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। असम के मुख्यमंत्री ने बताया कि शाह का दौरा महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य में चुनाव छह से सात महीने बाद होने वाले हैं। भाजपा और उसके सहयोगी दल अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में राज्य में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की कोशिश करेंगे।

### पीएम का दौरा अगले महीने

सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 8 सितंबर को गोलाघाट जिले से राज्य की अपनी यात्रा शुरू करेंगे। यहां वह नुमालीगढ़ में 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से स्थापित पहली बायो-एथेनॉल रिफाइनरी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद वह मंगलदाई जाएंगे और तीन परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे - गुवाहाटी रिंग रोड, नारंगी और कुरुवा के बीच ब्रह्मपुत्र नदी पर पुल तथा मंगलदाई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल।

## पंजाब : यूट्यूबर के घर पर दो लोगों ने की गोलीबारी

**होशियारपुर। ए।** मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात लोगों ने रविवार तड़के एक स्थानीय यूट्यूबर के आवास पर कथित तौर पर गोलियां चलाईं। पुलिस ने बताया कि यह घटना रात करीब एक बजे हुई जब आरोपी मॉडल टाउन निवासी सिमरन सिकंद के घर पहुंचे और भागने से पहले मुख्य द्वार पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। मॉडल टाउन पुलिस थाने के उपनिरीक्षक (एसआइ) गुरसाहिब सिंह ने बताया कि घटनास्थल से दो खोखे बरामद किए गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि कुछ महीने पहले, सिकंद ने सोशल मीडिया पर एक धार्मिक पोस्ट पर टिप्पणी की थी, जिसके कारण कनाडा में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिक मोहम्मद सहयाद भट्टी और होशियारपुर के दलबीर सिंह के साथ कथित तौर पर ऑनलाइन बहस हुई थी। सिकंद ने दावा किया कि भट्टी ने उनके घर पर ग्रेनेड हमले की धमकी दी थी, जिसके बाद उन्हें पुलिस सुरक्षा प्रदान की गई। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मॉडल टाउन पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है ।

MCL
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
जागृति विहार, बुर्ला - 768020, जिला - सम्बलपुर, ओड़िशा
फोन-(इपिएबिएक्स) : 0663-2542461 to 469
वेबसाइट : www.mahanadicoal.in

संदर्भ सं.: MCL/SBP/EE/2025/Advisor (L&R)/4439 दिनांक: 05.08.2025

एमसीएल में अनुबंध के आधार पर पूर्णकालिक सलाहकार (एल एंड आर) की नियुक्ति के लिए अधिसूचना

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी, भारत सरकार का एक उद्यम) द्वारा एडीएम (अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट) या उससे उच्च पद पर सेवाएं प्रदान करने वाले सेवानिवृत्त ओएएस (ओड़िशा प्रशासनिक सेवा) कर्मियों से अनुबंध के आधार पर एमसीएल में सलाहकार (एल एंड आर) के रूप में नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित की जाती है। अनुबंध अवधि के दौरान उम्मीदवार की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवश्यक योग्यता, अनुभव, कार्य विवरण एवं आवेदन प्रारूप सहित विस्तृत अधिसूचना वेबसाइट www.mahanadicoal.in पर एमसीएल> करियर> रिक्रूटमेंट शीर्षक के तहत अथवा सीआईएल की वेबसाइट www.coalindia.in पर उपलब्ध है। आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 19.08.2025 को शाम 5.00 बजे तक है। आवेदन प्रारूप वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदक सभी संबंधित दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों के साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन प्रपत्र 'महाप्रबंधक (मानव संसाधन/अधि स्थापना), महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, पोस्ट ऑफिस: जागृति विहार, बुर्ला, जिला: संबलपुर-768020, ओड़िशा को ईमेल आईडी gm-ee.mcl@coalindia.in पर भेज सकते हैं।

हस्ता./-
महाप्रबंधक (मानव संसाधन/अधि स्थापना)
एमसीएल मुख्यालय, जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर

R-5266

